डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 18 | अंक 340 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | शनिवार 28 सितम्बर 2024 | मूल्य 2 रुपया






मामला गांधीसागर के पानी में कैमिकल का...

## सड़े पानी से मछलियों की मौत, ग्रामीणों में भय के साथ पीने के पानी की समस्या?

**गरोठ, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर के नजदीक बंजारी और डिडोर गांव के निवासियों को इन दिनों गंभीर जल संकट का सामना करना पड़ रहा है। गांधीसागर की चंबल नदी में केमिकल युक्त दूषित पानी के चलते सैकड़ों मछलियों की मौत हो चुकी है। इससे इलाके में दुर्गंध फैलने के साथ-साथ ग्रामीणों के बीच भय और आक्रोश की स्थिति पैदा हो गई है।



ग्राम बंजारी के सरकारी हैंडपंप और कुओं के पानी की जांच के बाद पानी में नाइट्रेट की उच्च मात्रा पाई गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा पानी को पीने योग्य बनाने के लिए क्लोरिनेशन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, मगर ग्रामीण अभी भी आशंकित हैं। डिडोर गांव में भी यही स्थिति है। यहां केमिकल युक्त पानी से बदबू और स्वास्थ्य समस्याओं का खतरा उत्पन्न हो रहा है। ग्रामीण अब दूषित पानी पीने से बच रहे हैं, और अपनी आवश्यकताओं के लिए जोड़मा गांव से पानी लाने पर मजबूर हैं, जो लगभग 3 किलोमीटर दूर स्थित है।

पानी की समस्या को देखते हुए गरोठ विधायक के निर्देश पर पीएचई की टीम उपयंत्री नेहा जायसवाल टेक्नीशियन मनोहर शर्मा, सोहन आर्य, बंशीलाल ने गांवो का दौरा किया और पानी के सैंपल लेकर जांच के लिए भानपुरा लैब भेजे। पीएचई के एसडीओ प्रशांत सोनी ने बताया कि यदि पानी में नाइट्रेट की मात्रा खतरनाक स्तर पर पाई जाती है, तो गांवों में हैंडपंप बंद किए जा सकते हैं, जिससे पीने के पानी की विकराल समस्या हो सकती है। ग्रामीणों को अब सरकारी मदद की आस है, ताकि जल्द से जल्द इस समस्या का स्थायी समाधान निकाला जा सके।

# सर्वे और नोटिस के खेल में माहिर नपा के खिलाड़ी..!

### बेसमेंट वालों से अधिकारियों की जुगलबंदी, एक बार फिर नगरपालिका ने जारी किया नोटिस



### इंदौर, नीमच और रतलाम में बगैर नोटिस सील किए गए बेसमेंट, किन्तु मंदसौर में नोटिस का बड़ा खेल?

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगरपालिका के अधिकारी सर्वे और नोटिस के खेल में माहिर है। फरमान या निर्देशों के बाद नोटिस-नोटिस का खेल खेला जाता है। मामला बड़ा हो और भोपाल का दबाव ज्यादा हो तो टीम का गठन कर सर्वे का खेल भी होता है। लेकिन, सर्वे और नोटिस के खेल से आगे कारवाई नहीं बढ़ती। इसका बेहतरीन उदाहरण है शहर के अवैध बेसमेंट। जिनका व्यवसायिक उपयोग भी हो रहा है। स्थिति यह है कि नपा के खुद के सर्वे में पता चला है कि शहर में 71 बेसमेंट है। इसमें सिर्फ 12 को ही अनुमति दी गई है। यह अनुमति भी पार्किंग के लिए दी गई है। लेकिन, बेसमेंट के व्यवसायिक उपयोग भी सामने आए है।

आश्चर्य की बात तो यह है कि हाथों हाथ कार्रवाई के बजाय नपा ने नोटिस-नोटिस का खेल शुरु कर दिया है। इसके बाद मामले को लगभग ठंडे बस्ते में ही डाल दिया। इधर दूसरी बार फिर नोटिस जारी किया गया है। जबकि, नीमच, रतलाम, इंदौर की बात करें तो यहां दिल्ली की घटना के बाद बेसमेंट हाथों हाथ सील कर दिए गए। क्योंकि, बेसमेंट की अनुमति या तो थी ही नहीं या अनुमति के विपरित व्यवसायीक उपयोग हो रहा था। अवैध बेसमेंट पर सर्वे के बाद अब नोटिस का खेल भी पूरा हो गया। अवैध बेसमेंट सामने आने के बाद नगर पालिका का अमला कारवाई करने के बजाए मानों शहर में भी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है। नोटिस देने के बाद कुछ ने जवाब दिया तो कुछ ने नहीं। शासन व प्रशासन से निर्देश मिलने के बाद चार से पांच दिनों तक नपा का अमला अवैध बेसमेंट पर कारवाई के नाम पर सर्वे ही करता रहा, पर रिपोर्ट तैयार नहीं हुई। सर्वे पूरा हुआ तो नोटिस देने से आगे कार्रवाई नहीं बढ़ी। जबकि, भौतिक सत्यापन के दौरान तकनीकि अमले ने देखा कि कई जगहों पर बेसमेंट अवैध रूप से चल रहे हैं और कोचिंग से लेकर लॉज व जिम सहित व्यवसायीक गतिविधियां चल रही है। कार्रवाई के नाम पर टालमटोल ही चल रहा है। एक भी अवैध बेसमेंट को बंद करने की कार्रवाई तक नहीं की गई है।

#### 71 बेसमेंट सामने आए, अनुमति किसी ने नहीं बताई...

नगर पालिका ने तीन इंजीनियरो से बेसमेंट को लेकर सर्वे कराया। इसमें शहर में करीब 71 बेसमेंट होना सामने आया है। एक इंजीनियर ने 21 तो दूसरे ने 20 व तीसरे ने 30 बेसमेंट का सर्वे कर भौतिक सत्यापन के साथ अपनी रिपोर्ट नपा में प्रस्तुत की है। 12 की नपा ने अनुमति जारी कर रखी है और 71 बेसमेंट सामने आए थे। सर्वे करने के दौरान जब अनुमति मांगी तो सभी ने अनुमति होने की बात कही। लेकिन, अनुमति के दस्तावेज नपा के इंजीनियरो को बताई किसी ने भी नहीं है।

#### फिर से जारी किए है नोटिस...

अवैध रूप से बेसमेंट चला रहे लोगों को दूसरी बार फिर नोटिस जारी किए गए है। नियमानुसार तीन नोटिस देने के बाद बेसमेंट बंद करवा सकते हैं। अवैध रूप से बने हुए बेसमेंट को निश्चित रूप से बंद करने की कार्रवाई होगी।

**सुधीर कुमार सिंह, सीएमओ, नपा मंदसौर**



# मौसम से बढ़ रहा इन्फ्लूएंजा वायरस

### सर्दी-खांसी और वायरल के मरीजों की संख्या बढ़ी

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर समेत अंचल में मौसम में लगातार बदलाव हो रह है। दोपहर में तेज धूप व गर्मी का असर रहता है। सुबह व शाम मौसम में हल्की ठंडक बनी रहती है। दिन-रात के तापमान में 11 डिग्री से ज्यादा का अंतर है। इसके चलते बीमारियों के बैक्टीरिया व इन्फ्लूएंजा वायरस को ताकत मिल रही है। यही कारण है कि बीमारियों का खतरा अधिक हो गया है। बड़े अस्पताल सहित निजी अस्पतालाओ व नर्सिंग होम में मरीजों की लाइनें लग रही हैं। इसमें सर्दी-खांसी एवं वायरल पीड़ित मरीज अधिक हैं। इस माह यही स्थिति रहने की संभावना है। इन्फ्लूएंजा वायरस को सही होने में भी समय लग रहा है। सर्दी-खांसी ठीक होने में लोगों को 8 से 10 दिन तक लग रहे हैं।

शहर सहित अंचल में इन दिनों मौसम में काफी उतार-चढ़ाव देखने को मिल रहा है। एक सप्ताह से बारिश का दौर थमा रहा। शुक्रवार को फिर बारिश शुरु हो गई। हालांकि इसके बाद भी तेज धूप निकल रही है। उमस के चलते गर्मी का असर है। दोपहर में अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री तक पहुंच गया है। वहीं रात का तापमान 24 डिग्री के आसपास है। दोपहर में तेज धूप के चलते गरमी व उमस एवं सुबह-शाम हल्की ठंडक का अहसास हो रहा है। बारिश के मौसम के कारण हवा में नमी भी है। इन सभी कारणों के चलते सर्दी-खांसी व वायरल के वायरस को पनपने में मदद मिल रही है। हर दूसरे घर में कोई ना कोई बीमार है। बड़े अस्पताल की ओपीडी में सामान्य दिनों की अपेक्षा दुगुने मरीज पहुंच रहे हैं। निजी अस्पतालों के भी यही हाल है। इसमें अधिकतर सर्दी-खांसी व वायरल से पीड़ित हैं।

निजी नर्सिंग होम और बड़े अस्पताल में रोज सर्दी-खांसी व बुखार से पीड़ित बच्चे भी पहुंच रहे हैं। सामान्य रूप से पहले सर्दी-खांसी 5 दिन में ठीक हो जाया करती थी। अभी बच्चों को स्वस्थ होने में 12 से 15 दिन लग रहे हैं। कई बच्चों को भर्ती करने की स्थिति बन रही है। वायरस के अलग-अलग वैरिएंट होते हैं। सामान्य वैरिएंट में मरीज जल्द ठीक हो जाता है। इसमें बदलाव के चलते ही समय लग रहा है।

#### मास्क पहनें, हाथ धोते रहें...

स्वास्थ्य विभाग की ओर से संक्रमण रोकने के लिए जो सलाह जारी की गई है। उसके अनुसार इस मौसम में फेस मास्क का उपयोग करें। साबुन से हाथ धोएं। बच्चों को फुल बांह के कपड़े पहनाएं, जिससे मच्छर ना काटें व संक्रमण से बचा जा सके। भीड़भाड़ में जाने से बचें। छींकते वक्त मुंह, नाक को ढंकें। आंख, नाक छूने से बचें और पानी खूब पीएं।

#### इनका कहना...

अभी का मौसम दोपहर में गरमी व सुबह-शाम ठंड से वायरल के लिए अनुकूल है। हवा में नमी भी है। ऐसे मौसम में बैक्टीरिया व वायरस तेजी से पनपते हैं। सर्दी-खांसी होने पर जब कोई छींकता या खांसता है तो वायरस हवा में तेजी से अन्य लोगों तक पहुंचते हैं। इससे बीमारियों का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है।

**डॉ. डीके शर्मा**
**सिविज सर्जन मंदसौर**

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 3 जन घायल

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 3 लोग घायल हो गए। जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

दलौदा पुलिस के अनुसार यह दुर्घटना महू-नीमच हाइवे रोड सरसौद फंटा का है। हुकमी पाटीदार निवासी मुकनपुरा जावद ने रिपोर्ट लिखवाई कि अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। इससे फरियादी हुकमी, उसके भाई व बहू को गंभीर चोट आई। पुलिस ने मामले में अज्ञात ड्राइवर के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की है।

# बारिश: मंडी में फिर भीगी फसलें

### मंडी प्रबंधन की लापरवाही आई सामने



**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अध्यक्ष विहिन कृषि उपज मंडी में व्यवस्था पटरी पर आने का नाम नहीं ले रही है। एक बार फिर बारिश से मंडी में किसानों की फसलें भीग गई। जिससे कई किसानों को नुकसान झेलना पड़ा। शहर में दोपहर बाद रिमझिम बारिश का दौर शुरु हुआ। जबकि, मल्हारगढ़ के नापाखेड़ा समेत अन्य क्षेत्रों में भी बारिश हुई। इस बारिश ने कृषि मंडी में खुले में पड़ी सोयाबीन समेत अन्य उपज को प्रभावित किया, जिससे कई किसानों को नुकसान हुआ है।

किसानों का कहना है कि बारिश का अलर्ट या बारिश जैसी स्थिति होने पर मंडी प्रशासन को छपरे से बाहर खुले में पड़ी उपज की नीलामी पहले करनी चाहिए। सोयाबीन लेकर आए किसान उमेश तिवारी ने बताया कि सुबह उनकी उपज बिक सकती थी। लेकिन, मंडी प्रशासन ने पहले छपरे में पड़ी उपज को नीलाम करवाने का फैसला किया। इसके चलते बारिश के कारण करीब 100 क्विंटल माल खराब हो गया। किसानों का यह भी कहना है कि सोयाबीन के भाव पहले ही सही नहीं मिल रहे हैं और अब बारिश के कारण हुए नुकसान से उनकी मुश्किलें और बढ़ गई हैं। एक अन्य किसान ने बताया कि मंडी में उन्हें 3500 से 4500 रुपए के भाव ही मिल रहे हैं। जिससे उनकी आमदनी पर गहरा असर पड़ा है।

#### दो दिन में कई जगहों पर बारिश...

शहर सहित अंचल में कई स्थानो पर गरज चमक के साथ कहीं हल्की तो कहीं तेज बारिश हुई। मौसम विभाग ने अगले दो दिन मालवा और निमाड़ में बारिश का अनुमान जताया है। जिले के कुछ स्थानों पर आज शनिवार को भी गरज-चमक के साथ बारिश का अनुमान है। दो दिन के बाद सिस्टम कमजोर हो जाएगा। अक्टूबर के पहले सप्ताह में मानसून की विदाई भी हो सकती है। जिले में अब तक 33.85 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि मानसून ट्रफ की एक्टिविटी की वजह से बारिश हो रही है। इस तरह का मौसम अगले 2 दिन तक और बना रहेगा, फिर सिस्टम कमजोर जाएगा। जिले में शुक्रवार सुबह तक 33.85 इंच (860 एमएम) औसत बारिश दर्ज की गई है। इधर चम्बल नदी पर बने गांधी सागर बांध का जलस्तर 1310.78 फीट पहुंच गया है।

#### इनका कहना...

मंडी में माल की आवक ज्यादा है। वे किसानों को अलर्ट करते हैं कि छपरे से बाहर उपज न रखें। हालांकि, किसान उनकी बात नहीं मानते। बारिश की वजह से कुछ देर के लिए मंडी में नीलामी में रुकावट आई थी। हालांकि, फिर से शुरू हो गई।

**पर्वतसिंह सिसौदिया, सचिव**
**कृषि उपज मंडी मंदसौर**

# एमपी पासिंग इनोवा नहीं आई पुलिस के हाथ?

### तेज गति से भाग रही गाड़ी का पीछा कर रही थी नारायणगढ़ पुलिस

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले की नारायणगढ़ थाना पुलिस ने मुखबीर सूचना पर एमपी पासिंग इनोवा कार को रोकने का प्रयास किया। लेकिन, कार चालक ने कार नहीं रोकी। उलटे जो भी रास्ते में आया उसे ठोकने की मंशा से गाड़ी चलाते हुए भागने लगा। इस दौरान कई दो पहिया वाहन चालकों की सांसे फूली। वे इनोवा और पुलिस गाड़ी की चपेट में आते-आते बचे।

नारायणगढ़ तरफ से इनोवा लगातार भागते हुए पिपलिया मंडी पहुंची, जहां से ओवर ब्रिज क्रॉस कार पुन: टर्न लेकर पिपलिया पंथ होकर हाईवे पर निकली। जिसके बाद बही टोल तोड़कर आगे निकली। जहां से बायपास होते हुए दलौदा की तरफ गई। लेकिन, दलौदा नहीं जाकर फिर से टर्न लिया और बाद में कहां गई। इसका पता नहीं चल पाया था। माना जा रहा हैं की संदिग्ध इनोवा नई आबादी या अफजलपुर थाना क्षेत्र में कहीं खो गई होगी। हालांकि, खबर लिखें जाने तक पुलिस संर्चिग जारी थी। भरोसेमंद सूत्रों की माने तो गाड़ी को रोकने के लिए नारायण गढ़, पिपलिया मंडी, यशोधर्मन थाना, शहर कोतवाली, नई आबादी, दलौदा, अफजलपुर, भावगढ़ थाना पुलिस को भी अलर्ट किया गया था। लेकिन, किसी भी थाना पुलिस को देर रात तक सफलता नहीं मिली थी। संदिग्ध इनोवा पर नम्बर प्लेट भले ही एमपी पासिंग की थी, लेकिन माना जा रहा है कि यह गाड़ी राजस्थान पासिंग होगी।

### अधेड़ के साथ बेटी ने की मारपीट

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पारिवारिक रंजिश के चलते बेटी सहित तीन लोगो ने अधेड़ व्यक्ति के साथ मारपीट की। मामले में पुलिस ने आरोपी की बेटी सहित 3 लोगों पर प्रकरण दर्ज किया है। वायडी नगर पुलिस के अनुसार मामला फरियादी के किराए के मकान नाहर सैयद रोड स्थित किराना दुकान के पास का है। कय्यूम पिता मिया साहेब जान पठान उम्र 55 साल निवासी चिकलाना थाना कालूखेड़ा जिला रतलाम हालमुकाम नाहर सैयद रोड ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि फर्रुख बी पिता कय्यूम पठान निवासी चिकलाना, जमीला बी व नजीब खां निवासी निम्बाहेड़ा ने फरियादी के साथ मारपीट की व जान से मारने की धौंस दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

# दलौदा में पकड़ाए लाल चंदन प्रकरण की जांच सीबीआई को मिल सकती है...!

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जून माह में दलौदा पुलिस और वन विभाग की कार्रवाई के चलते 12 क्विंटल लाल चंदन का ट्रक पकड़ा गया था। चूंकि, इसे दुनिया का सबसे खुशबुदार और महंगा होने के कारण अनेकों रास्तों से अनेकों तरीके से देश-विदेश में हर मार्ग से तस्करी कर भेजा जाता है। इसी तर्ज पर 16 सितंबर 2019 को धार के खलघाट टोल पर संदेह होने पर डेयरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस और वन विभाग ने ट्रक नंबर एचआर 61 सी 160 9 को संदेह होने के कारण रोका था। जिसकी जांच करने पर साबूदाने और चक पाउडर की बोरियों से दबा हुआ 15 530 किलो लाल चंदन के 504 टुकड़े छुपाए हुए मिले थे।

प्रारंभिक रूप से दर्ज अपराध के साथ अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन होने की भनक लगने पर 20 अगस्त 2024 को नए सिरे से सीबीआई ने रिपोर्ट दर्ज करा कर जांच शुरू कर दी है। इस प्रकरण में जो दो अपराधी सुरेश कृष्णमूर्ति और पाल मुरूगन पकड़ाए है, वह सिर्फ अपनी ही भाषा के अलावा अन्य कोई भाषा नहीं जानते थे। ये भी कि लाल चंदन तस्करी के मामले दक्षिण के राज्यों में अक्सर घटते रहते हैं। जबकि, मालवा क्षेत्र में शायद यह शुरुआती मामला था। जिसकी गंभीरता देखते हुए प्रकरण की जांच सीबीआई ने अपने स्तर पर शुरू कर दी है। दुनिया भर में लाल चंदन की मांग उपलब्धता और कीमत के कारण ऊंचे दर्जे के अपराध श्रेणी होने के कारण ही सीबीआई को दखल देना पड़ा होगा। ऐसे में स्वाभाविक ही माना जा रहा है कि दलौदा थाने के लाल चंदन प्रकरण में भी सीबीआई का दखल कभी भी हो सकता है। कारण सिर्फ इसके अंतरराष्ट्रीय ख्याति और कीमत है। जब 15530 किलो लाल चंदन तस्करी के धार के मामले में 5 साल पुराने मामले में सीबीआई ने अपनी जांच शुरू कर दी है तो दलोदा में 12 क्विंटल लाल चंदन का प्रकरण 5 जून 2024 को बना था।



चन्द्रमोहन भगत

ट्रक नंबर एमपी 09 जीके 9201 था। आरोपी अनवर, दाऊद, और इमरान तीनों निवासी मंदसौर को बनाया गया है। लाल चंदन की बाजारी कीमत 18 से 25 हजार रुपए किलो बताई जाती है। सूत्रों की माने तो साल भर में 20 हजार करोड़ रुपए के लाल चंदन की तस्करी की जाती है। ऐसे में दलौदा का लाल चंदन प्रकरण भी बड़ी अंतरराष्ट्रीय तस्करी का उदाहरण बन गया है। स्थानीय पुलिस सूत्रों का कहना है कि दक्षिण भारत से यहां तक कैसे प्रदेश के तस्करों तक किसने पहुंचाया, तलाश जारी है। क्योंकि, यहां प्रदेश के रजिस्टर ट्रक में लाल चंदन पकड़ा है। यह भी कहा जा रहा है कि स्थानीय पुलिस कर्नाटक तक चक्कर लगा आई है, पर कोई कड़ी मिल नहीं पाई है। यह उल्लेख भी आवश्यक है कि लाल चंदन की सबसे ज्यादा मांग और खपत चीन में होती है। इसकी सिंगापुर, जापान आदि राष्ट्रों में भी मांग बनी हुई है। इसका उपयोग महंगी शराब व बेहतरीन खुशबू वाले परफ्यूम बनाने में किया जाता है। धार का लाल चंदन प्रकरण 5 साल पुराना जरूर है। लेकिन, सीबीआई की कार्यवाही ने ताजा कर दिया है और इस मामले में दोनों आरोपी भी दक्षिण भारत के ही निकले हैं। बहरहाल मंदसौर जिला पहले से ही अफीम और अफीम से उत्पादित नशीले पदार्थों की तस्करी के लिए दुनिया भर में पहचान बना चुका है और अब लाल चंदन प्रकरण और अधिक प्रसिद्धि दिलाने वाला सबित होगा।




### नाहरगढ़ में 26 गैस सिलेंडर जप्त

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला आपूर्ति विभाग ने नींद से जागते हुए नाहरगढ़ में कार्यवाही की है। यहां विभाग की टीम ने कार्रवाई करतु हुए 26 गेस सिलेंडर जप्त किए है।

जनसंपर्क विभाग से मिली जानकारी के अनुसार नाहरगढ़ की मामा मोबाईल शॉप पर तलाशी ली गई। जिसमें 20 घरेलू गेस सिंडर और 06 व्यसायिक गेस सिलेंडर मिले। अवैध रूप से बिना दस्तावेज के यह सिलेंडर रखे हुए थे। जिसके बाद इन्हें जप्त किया गया। मामले में अत्यावश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की जाएगी।

## राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में चयन

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** दशपुर विद्यालय के होनहार



छात्र सुमित सोलंकी का 14 आयु मिनी वर्ग में राज्य स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता हेतु चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता 28 सितंबर से 2 अक्टूबर तक गुना में आयोजित होगी। छात्र सुमित सोलंकी उक्त प्रतियोगिता में उज्जैन संभाग की टीम का प्रतिनिधित्व करेगा।उक्त जानकारी विद्यालय के बास्केटबॉल कोच श्री जयविजय सिंह सिसोदिया द्वारा दी गई। छात्र की उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन, प्राचार्य प्रिंस वी थॉमस, संस्था सुपरवाइजर श्री हाकीमप्रसाद शर्मा, खेल शिक्षक श्री आकाश गाजवा, श्री देवेंद्र बैरागी, श्री नवीन खोखर,श्री कुणाल शर्मा,श्री भरत सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार द्वारा शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



# मारवाड़ी युवा मंच ने संझा बनाओ स्पर्धा का आयोजन कर श्रेष्ठ कार्य किया

### नपाध्यक्ष श्रीमती गुजर के आथित्य में पुरुस्कार वितरीत किये

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच महिला शाखा मन्दसौर ने धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही हमारी भारतीय संस्कृति और परम्परा को पुन: जीवित करने हेतु संझा बनाओ प्रतियोगिता का आयोजन कुमावत धर्मशाला नरसिंह पूरा रोड पर रखा जिसमे 17 महिलाओं और युवतियों ने भाग लेकर गोबर से एक से बढ़कर एक संझा बनाई ओर डेकोरेशन किया। संझा प्रतियोगिता में बतौर अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी गुजर ने उपस्थित होकर सभी महिलाओं का हौसला बढ़ाया ओर पुरुस्कार प्रदान किये। समारोह की अध्यक्षता महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती रानी अनिल अग्रवाल ने की। तथा विशेष अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती नेहा सुमित मित्तल, श्रीमती सुमन संजय वर्मा उपस्थित थी। प्रोजेक्ट चेयरमैन मेजर उषा कुमावत, श्रीमती विद्या संजय दोषी, श्रीमती संगीता सुनील भदानिया भी मंचस्थ थी। संझा बनाओ प्रतियोगिता स्थल पर संझा का अवलोकन मारवाड़ी मंच के अध्यक्ष दिलीप सेठिया, पूर्व अध्यक्ष हेमन्त अग्रवाल, संजय वर्मा, सुनील भदानिया, एवं संजय दोषी ने किया और सभी मातृशक्ति तथा युवतियों को बधाई दी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमा देवी गुजर ने कहा कि भारतीय लोक संस्कृति लोक संस्कृति का सबसे बड़ा पर्व संझा का है जो हमारे घर आंगन में मनता था, लेकिन धीरे धीरे यह परम्परा शहरों में लुप्त हो जा रही हैं गांव में आज भी इस परंपरा को जीवित रख रखा है। हम आधुनिक चकाचोंध में आ गए है जबकि पुरानी परम्परा ओर संस्कृति में जो सुकुन था उसकी बात ही निराली थी। समारोह की अध्यक्षता करते हुए महिला शाखा अध्यक्ष श्रीमती रानी अग्रवाल ने कहा कि पुन: पुरानी परम्परा , संस्कृति से शहर वासियों को रूबरू करवाने हेतु मारवाड़ी युवा मंच ने आज संझा प्रतियोगिता का आयोजन रखा है। हमारे मन्दसौर शहर के नरसिंह पूरा क्षेत्र में आज भी परम्परा ओर संस्कृति जीवित है। संझा बनाओ प्रतियोगिता में प्रथम सुधा फरक्या, द्वितीय मालती गहलोत एवं तृतीय शीतल गहलोत ने स्थान प्राप्त किया जिन्हें क्रमश: 500, 300 , 200 रुपये नगद राशि एवं प्रशस्ति पत्र देकर संम्मानित किया गया। शेष सभी प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र और प्रोत्साहन पुरुस्कार के रूप में गिफ्ट दिए गये।

# मिलावटी पैक्ड घी की सघन जांच हो

### जिला खाद्य एवं औषधी प्रशासकीय समिति सदस्य मिथुन वप्ता ने कलेक्टर से की मांग

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जबसे तिरुपति मंदिर के प्रसाद में पशु चर्बी व फिश ऑयल के मिलावट की बात सामने आई है तब से पूरे देश में मिलावटी घी को लेकर घमासान मचा हुआ है।आमजन की आस्था का सवाल तो है ही साथ में आमजन के स्वास्थ पर भी प्रश्नचिन्ह लग रहा है।जब इतना सस्ता घी बाजार में उपलब्ध है तो उसमे उच्च गुणवत्ता का ध्यान कैसे रखा जाता होगा ये सरकारो के लिए विचारणीय है।

उक्त बात सामाजिक नेता व जिला खाद्य एवं औषधि प्रशासकीय समिति के सदस्य मिथुन वप्ता ने जिला कलेक्टर को लिखे एक शिकायती पत्र में कही।मिथुन वप्ता ने पत्र के माध्यम से जिला कलेक्टर को निवेदन किया है की पूरे जिले में मिलावटी घी धड़ल्ले से बेचा जा रहा हे। ऐसी कई छोटी मोटी कंपनिया हे जो काफी सस्ते दामों में मिलावटी घी बाजार में खपा रही है और कुछ व्यापारी भी इस गोरख धंधे में शामिल होकर आमजन के स्वास्थ के साथ खिलवाड करने से बाज नहीं आ रहे है।ज्यादातर देखने में आया हे की उच्च क्वालिटी का घी काफी महंगा आता हे जबकि बाजार में काफी कम कीमतों पर मिलावटी घी बेचा जा रहा है जो की विचारणीय है की उसमे क्या उच्च गुणवत्ता व शुद्धता होगी? साथ ही देखने में आया हे की खासकर त्योहारों पर ये मिलावट करने वाले गिरोह इस तरह के मिलावटी, निम्न गुणवत्ता व कम दामों में घी बाजारों में भारी मात्रा में खपाते है और साथ ही कई व्यापारी भी बिना आमजन की चिंता करे ज्यादा मुनाफे के लालच में इस तरह का मिलावटी घी आमजन के स्वास्थ के साथ खिलवाड़ करके बाजारों में बेच रहे है।देखने में यह भी आया हे की खाने का घी और पूजा का घी दोनो के मूल्य में अंतर के साथ पैकिंग भी अलग होती है साथ ही खाने के घी पर लिखा होता है की ये घी खाने के उपयोग हेतु है जबकि पूजा वाले घी के ऊपर स्वस्थ लिखा रहता है की ये सिर्फ पूजा के उपयोग हेतु घी है। ऐसे में निश्चित ही खाने वाले घी में मिलावट की संभावना बनी हो सकती है। अत: मेरा जिला कलेक्टर महोदय से अनुरोध है की संबंधित खाद्य विभाग को आदेश देकर लगातार मिलावटी घी की जांच हेतु छापामार कार्यवाही के साथ अभियान चलाए ताकि मिलावटी घी के आमजन के स्वास्थ पर कोई भी बुरा असर न पड़े। साथ ही आमजन से भी अनुरोध है की जहा भी आपको मिलावटी घी की आशंका हो तो तुरंत ही जिला प्रशासन को संबंधित फर्म की शिकायत करे। उक्त जांच हेतु एक प्रतिलिपि माननीय मंत्री,मध्यप्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्रालय को भी भेजी है।

### वर्षाकाल समाप्त होने के बाद सड़कों का पेचवर्क होगा

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य नगरपालिका अधिकारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि नपाध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर की परिषद ने वर्षा के पूर्व मंदसौर नगर में कई स्थानों पर सड़कों कापेचवर्क कार्य कराया था। वर्षा ऋतु में सड़कों का डामर से पेचवर्क संभव नहीं है। इसलिये जहां भी अत्यधिक गड्ढे है केवल उन्हीं स्थानों पर मटेरियल व मुर्रम से गड्ढों को भरा जा रहा है। वर्षा ऋतु समाप्त होने के बाद नपा परिषद नपाध्यक्ष के आदेशानुसार जहां भी आवश्यकता है उन सड़कों का पेंचवर्क कार्य पुन: प्रारंभ करेगी।

# भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले में वाहनों की खरीद पर राज्य शासन से मिले टैक्स में छूट

### उप मुख्यमंत्री देवड़ा से भेंट कर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने सौंपा मांग पत्र

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर पालिका परिषद मंदसौर द्वारा प्रतिवर्ष कार्तिक माह में सुप्रसिद्ध मेले का आयोजन भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर परिसर एवं मेला स्थान पर किया जाता है। मेले की ख्याति बढ़ाने और इसे अधिकाधिक लोकोपयोगी बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। हम लगातार इसके लिए प्रयास कर रहे हैं। इस दिशा में मेले में वाहनों की बिक्री में राज्य शासन के टैक्स से छूट की पहल हमारे लिए बड़ी लाभदायक होगी। इसलिए आपसे आग्रह है कि भगवान श्री पशुपतिनाथ महादेव मेले को ग्वालियर एवं उज्जैन की तर्ज पर वाहनों की खरीद पर टैक्स छूट का लाभ दिया जाए। यह मांग करते हुए मध्य प्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा को मंदसौर नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर ने एक मांग पत्र सौंपा।



मध्यप्रदेश शासन के उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा से भेंट कर नपाध्यक्ष श्रीमती गुर्जर ने नगर हित के विभिन्न प्रस्तावों, विकास कार्यों सहित मेले में वाहनों की खरीद पर राज्य शासन के टैक्स से छूट दिए जाने एवं अन्य विषयों पर चर्चा की और मांग पत्र सौंपा। आपने कहा कि मंदसौर में भी ग्वालियर एवं उज्जैन मेले की तर्ज पर वाहनों की खरीद पर टैक्स में छूट से मेले की ख्याति और व्यापार दोनों में वृद्धि हो सकेगी। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के सभापति, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

### ग्राम न्यायालय में लंबित मामलों के निराकरण हेतु...

## सुलहकर्ताओं की नियुक्ति हेतु बैठक सम्पन्न



**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर श्री कपिल मेहता के मार्गदर्शन तथा जिला न्यायाधीश/ सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मंदसौर सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन में महाराणा प्रताप पंचायत भवन, दलौदा में 'पंचायत आपके द्वार अभियान के अंतर्गत ग्राम न्यायालय में लंबित मामलों के राजीनामे के माध्यम से निराकरण हेतु प्रस्तावित सुलहकर्ताओं के साथ बैठक का आयोजन किया गया।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरणश्री सिद्धार्थ तिवारी ने उपस्थित सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रतिष्ठित जनों को बताया कि पंचायत आपके द्वारा अभियान का उद्देश्य ग्राम न्यायालयों में लंबित मामलों का सौहार्दपूर्ण एवं आपसी समाधान के माध्यम से निराकरण करना है। इसके अंतर्गत सुलहकर्ताओं की नियुक्ति की जाएगी जो ग्राम स्तर पर आपसी विवादों को हल करने में मदद करेंगे। इस अवसर पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा संचालित मध्यस्थता योजना के प्रावधानों को रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि वह स्वयं प्रशिक्षित मध्यस्थ है और इस विषय पर उन्होंने अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि किस प्रकार सामुदायिक स्तर पर मध्यस्थता के माध्यम से आपसी समझ और सहयोग को बढ़ावा देकर विवादों का शांतिपूर्ण समाधान किया जा सकता है।इस अवसर पर जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री प्रवीण कुमार, दलौदा टीआई श्री बलदेव चौधरी, पैरा लीगल वालंटियर श्री अजीज खान, नावेद खान एवम अन्य प्रतिष्ठित जन उपस्थित रहे।

# एशिया पावर इंडेक्स: भारत एशिया की तीसरी महाशक्ति बना, जापान को पछाड़ा

**नई दिल्ली, 27 सितम्बर।** अपनी तेज आर्थिक वृद्धि से दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचने वाला भारत अब एशिया प्रशांत क्षेत्र के तीसरे सबसे शक्तिशाली राष्ट्र के रूप में उभरा है। इस लिस्ट में जापान को पीछे छोड़ते हुए भारत अमेरिका और चीन के बाद इस स्थान पर आ गया है।

ऑस्ट्रेलिया के लोवी इंस्टीट्यूट ने 2024 के एशिया पावर इंडेक्स (एपीआई) नामक यह रिपोर्ट तैयार की है, जिसे केंद्र सरकार ने आधिकारिक तौर पर प्रकाशित किया है। एशिया प्रशांत राष्ट्र यानी पश्चिमी प्रशांत महासागर से सटे देश। इन देशों में से भारत तीसरा सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बनकर उभरा है।




**8 मानदंडों के आधार पर रिपोर्ट–** सैन्य शक्ति, रक्षा नेटवर्क, आर्थिक क्षमता, वैश्विक संबंध, राजनयिक शक्ति, सांस्कृतिक प्रभाव, जोखिमों का सामना करने की शक्ति, भविष्य के संसाधन - इन आठ मानदंडों को ध्यान में रखते हुए एशिया पावर इंडेक्स तैयार किया जाता है।

**रिपोर्ट के मुख्य अंश–** भारत ने अभी तक अपनी क्षमता के अनुरूप विकास नहीं किया है, लेकिन यह अब जापान को पीछे छोड़कर एशिया प्रशांत क्षेत्र में तीसरा सबसे शक्तिशाली राष्ट्र बन गया है। भारत के विकास को लेकर अभी भी काफी उम्मीदें हैं। इसी तरह, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के सामने कई चुनौतियां भी हैं। भविष्य में देश के और भी शक्तिशाली देश बनकर उभरने की संभावनाएं हैं रिपोर्ट में कहा गया है। भारत की सबसे बडी ताकत उसकी आबादी, भौगोलिक क्षेत्रफल और अर्थव्यवस्था है। एशिया के कई देशों में जहां बुजुर्गों की संख्या बढ़ रही है, वहीं इसके विपरीत भारत में युवाओं की संख्या अधिक है। कोविड के बाद भारत ने आर्थिक रूप से काफी प्रगति की है। साथ ही, इसमें अभी भी अन्य क्षेत्रों में काफी विकास की संभावनाएं हैं। हालांकि, आर्थिक संबंधों के मामले में भारत अभी भी पीछे है। रक्षा संपर्क नेटवर्क में देश 9वें पायदान पर खिसक गया है रिपोर्ट में कहा गया है।

### खेत से ट्रेक्टर निकालने के विवाद में पीटा

**पिपलियामंडी, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** खेत से ट्रेक्टर निकालने के विवाद में मारपीट पर पुलिस ने तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया। बंड पिपलिया निवासी विनोद पिता भंवरलाल मोगिया ने नारायणगढ़ थाने पर शिकायत दर्ज कराई खेत से ट्रेक्टर निकालने के विवाद में भाई श्यामलाल पिता रमेशचन्द्र, जालमसिंह पिता रमेशचन्द्र, भतीजे रोहित पिता श्यामलाल व एक अन्य ने गाली-गलौज की व लाठियों से पीटा, जिससे चोंटे आई। पुलिस ने चारों आरोपियों पर केस दर्ज किया।



## दाऊदी बोहरा धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन पहुंचे मंदसौर, समाजजनों ने गर्मजोशी से की अगवानी

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्वव्यापी दाऊदी बोहरा समुदाय के 53वें धर्मगुरु सैयदना मुफद्दल सैफुद्दीन 27 सितंबर शुक्रवार को मुंबई से मंदसौर पहुंचे। शहर में दाऊदी बोहरा समुदाय के वरिष्ठसदस्यों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। वर्ष 2014 में समुदाय के नेतृत्व में शामिल होने के बाद सैयदना साहब की मंदसौर की यह पहली यात्रा है।

अपनी यात्रा के दौरान सैयदना साहब दौलत गंज में पुनर्निर्मित मोहम्मद मस्जिद का उद्घाटन करेंगे और उसी मस्जिद में एक उपदेश देंगे, जिसमें समुदाय के सदस्यों को जीवन के विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पहलुओं पर मार्गदर्शन दिया जाएगा। वह समुदाय के सदस्यों से बातचीत भी करेंगे और उनके घरों पर जाकर उनका हालचाल पूछेंगे। समुदाय द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर बताते हुए मंदसौर में दाऊदी बोहरा समुदाय के पीआर समन्वयक फिरोज अली कापड़िया ने कहा, हम बेहद भाग्यशाली हैं कि हमें 13 वर्षों की अवधि के बाद मंदसौर में सैयदना साहब और उनके परिवार की मेजबानी करने का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सैयदना साहब और उनके पूरे प्रतिनिधिमंडल के लिए आरामदायक प्रवास सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न समितियों और स्वयंसेवकों को तैनात किया गया है।

# विद्यालय में स्वच्छता संवाद कार्यशाला सम्पन्न



**मनासा, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत सरकार द्वारा संचालित 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता सेवा अभियान के अंतर्गत आज दिनांक 26 सितंबर 2024 को निकाय मनासा की स्वछता टीम द्वारा रामनाथ मारू सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में स्वच्छता ही संवाद कार्यशाला कार्यक्रम आयोजित किया इस उपलक्ष में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद प्रतिनिधि श्री दिनेश राठौर ने भी विद्यार्थियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। उन्होने कहा घर से निकलने वाले चार प्रकार के कचरे के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जागरूक किया और गिला,सूखा कचरा अलग-अलग क्यों डाला जाता है, उसे कचरे का क्या किया जाता है उसका महत्व बताया, एवं कचरे को मिक्स करके कचरा गाड़ी में डाला जाता है तो उसके हानिकारक दुष्प्रभाव की जानकारी भी दी गई साथी सिंगल युज प्लास्टिक एवं पॉलीथिन प्रतिबंध के संबंध में भी जानकारी दी और कपड़े और कागज से बनी थैली का उपयोग करने हेतु प्रेरित किया अथवा आसपास अस्वच्छता होने वाली बीमारियों के बारे में भी अवगत करायाख निकाय की स्वछता टीम और सहयोगी एनजीओ टीम ने विद्यार्थियों को व आसपास स्वच्छता बनाए रखें,खुले में कचरा ना डालें,कचरा वाहन में ही कचरा डालें और गिला सूखा कचरा अलग-अलग रखें, अपने घर पर दो डस्टबिन का प्रयोग करे, औरों की भी स्वच्छता की प्रति जागरूक करें, इस हेतु विद्यार्थियों को प्रेरित किया। इस स्वच्छता कार्यक्रम के अवसर पर राजेंद्र पुरोहित, सहयोगी टीम के कमलेश कारपेंटर, नगर परिषद के स्वच्छता शाखा के सतीश भेरवा सहित स्कूल स्टॉफ उपस्थित थे।

### अवैध शराब के साथ 5 धराए

**पिपलियामंडी, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** पुलिस ने अवैध शराब के साथ 5 आरोपियों को पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने 5 लिटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ लसुड़िया कदमाला निवासी मिठ्ठूलजाल पिता हेमराज को, नारायणगढ़ पुलिस ने 5 लीटर हाथ भट्टी कच्ची शराब के साथ मंशाखेडी निवासी रमेशचन्द्र पितात भग्गा को, नाहरगढ़ पुलिस ने 18 क्वार्टर देशी शराब के साथ जोधा पिपलिया निवासी कृष्णपालसिंह पिता भारतसिंह को, 22 क्वार्टर के साथ कचनारी निवासी आकश पिता कैलाश सोलंकी को, 30 क्वार्टर के साथ ढाणी निवासी मदनलाल पिता जेना को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट में केस दर्ज किया।

## हिमाचल प्रदेश की जमीन पर तिरंगा लहराकर लौटे स्वयंसेवक अंकित धाकड़

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राजीव गाँधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मन्दसौर के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता ने बताया कि दिनांक 13 से 22 सितंबर 2024 तक पोंग डैम, हिमाचल प्रदेश में भारत सरकार युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, राष्ट्रीय सेवा योजना निदेशालय नई दिल्ली द्वारा रा.से.यो. साहसिक शिविर (एडवेंचर कैंप) का आयोजन किया गया। जिसमें विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन परिक्षेत्र के प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर (म. प्र.) की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के स्वयंसेवक अंकित धाकड़ ने मध्य प्रदेश एवं महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में जनभागीदारी समिति अध्यक्ष श्री नरेश चंदवानी, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. डी.सी. गुप्ता, जिला संगठक एनएसएस डॉ.के.आर. सूर्यवंशी, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.अनिल कुमार आर्य एवं डॉ. गोरा मुवेल ने शिविर से



लौटने पर अंकित धाकड का पुष्पमाला, प्रमाणपत्र एवं शील्ड प्रदान कर स्वागत किया। रासेयो स्वयंसेवक अंकित धाकड ने शिविर के अपने अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी इंस्टिट्युशन ऑफ माउंटनीरिंग एण्ड एलाइड स्पोर्टस, पोंगडेम, हिमाचल प्रदेश में उन्हें स्विमिंग, बोटिंग, राफ्टिंग, सर्फिंग जैसी वाटर स्पोर्ट से संबंधित गतिविधियां कराई गई। उन्हें कैंप के दसवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम में मध्यप्रदेश दल के साथ आदिवासी लोकनृत्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। ध्यातव्य है कि हिमाचल में आयोजित इस रासेयो एडवेंचर कैंप के लिए मध्यप्रदेश, बिहार एवं पंजाब के रासेयो स्वयंसेवकों का दल आया था।

### माँ शारदा गरबा मण्डल समिति किटियानी का गठन

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** स्थानीय किटियानी क्षेत्र में मां शारदा गरबा मंडल की मीटिंग का आयोजन किया गया जिसमे गरबा उत्सव लगातार नवे वर्ष में धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इस हेतु सर्वसम्मति से एक समिति का गठन किया गया जिसमे संरक्षक श्रीमती नम्रता चावला, अध्यक्ष श्री मेघराज कोठारी, सचिव श्रीमती वीणा हुपेले एवं कोषाध्यक्ष श्री श्याम घाटिया को बनाया गया। समिति में ग्यारह अन्य सदस्यों को भी रखा गया। इस अवसर पर नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मेघराज कोठारी ने कहा कि नवरात्रि के ये नौ दिन शक्ति की आराधना के दिन होते है। किटियानी क्षेत्र के सभी भक्तों से सक्रिय सहभागिता एवं धूमधाम के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की है।

### मेड़ की झाडियां काटने की पूछा तो पीटा, पिता-पुत्र पर प्रकरण दर्ज

**पिपलियामंडी, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मारपीट के मामले में पुलिस ने पिता-पुत्र पर केस दर्ज किया। उमरिया निवासी विनोद पाटीदार ने पिपलियामंडी थाने पर शिकायत दर्ज कराई कि खेत के पडोसी गोपाल पिता अम्बालाल पाटीदार व उसके बेटे जितेन्द्र ने मेरे खेत की मेड की झाडियां काट ली, मैंने पूछा तो दोनों ने गाली-गलौज की व लात-घुसों से पीटा। पुलिस ने दोनों आरोपियों पर केस दर्ज किया।

### छुरे के साथ पकड़ा

**पिपलियामंडी, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** छुरा लेकर आमजन को भयभीत कर रहे आरोपी को पुलिस ने पकड़ा। मल्हारगढ़ पुलिस ने लसुड्रिया कदमाला निवासी किशोर पिता मोहनलाल बावरी को धारदार छुरे से आमजन को भयभीत करते हुए पकड़ा। आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम में केस दर्ज किया।

### कलेक्टर ने किया मनासा के औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

**नीमच, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने मनासा के भ्रमण दौरान शुक्रवार को औद्योगिक क्षेत्र मनासा का निरीक्षण कर, निवेशकों, उद्योगिक ईकाईयों प्रतिनिधियों के साथ औद्योगिक क्षेत्र की समस्याओं के बारे में चर्चा की। कलेक्टर ने पांच हेक्ट्रेयर क्षेत्र के इस औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, पानी ,सडक की मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उद्योगपतियों ने अवगत कराया, कि औद्योगिक क्षेत्र में स्ट्रीट लाईट एवं डस्ट की समस्या है। कलेक्टर ने महाप्रबंधक उद्योग को निर्देश दिए, कि वे औद्योगिक क्षेत्र में बिजली, सड़क व डस्टो की समस्या के समाधान के प्रयास करें। कलेक्टर श्री चंद्रा ने मनासा औद्योगिक क्षेत्र में संचालित भाग्य श्री फूड प्रोसेसिंग उद्योग का निरीक्षण किया और निवेशकों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनी। बताया गया,कि मनासा औद्योगिक क्षेत्र में 18 इंडस्ट्रीज प्रारंभ हो गई है तथा और भी निवेदशक उद्योग लगाने के लिए आ रहे है। कलेक्टर ने रेस्को् मॉडल से उद्योगो की छतों पर सौलर पैनल लगाने की बात भी कही।

## आज एक शाम गोपाल लाल प्यारे के नाम



**नीमच, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** इंदिरा एकादशी के पावन उपलक्ष्य में आज 28 सितम्बर शनिवार को नगर के प्रसिद्ध श्री बिचला गोपाल जी मंदिर सराफा बाजार नीमच पर भव्य कीर्तन रात्रि 8:30 बजे से प्रभु इच्छा तक रखा गया है। उक्त जानकारी देते हुए पुजारी ओमप्रकाश शर्मा (लाला) ने बताया कि इस अवसर पर भगवान गोपाल जी महाराज के अलौकिक शृंगार दर्शन भक्तों को सुलभ होंगें। भक्तों को फलिहारी प्रसाद वितरण भी किया जाएगा। मधुर भजनों की प्रस्तुति प्रतापगढ से संजय गोस्वामी और विशाल नाथावत नीमच व मंशापूर्ण म्युजिकल ग्रुप नीमच देंगे। इस अवसर पर श्रद्धालु भक्तगण उपस्थित होकर धर्मलाभ लेवें।

# जिस परिवार में माता-पिता हंसते हैं भगवान उसी परिवार में बसते हैं-स्वामी सरस्वतीजी

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** जिस परिवार मे धर्म की दृष्टि हो बुजुर्गों और महिलाओं का सम्मान हो वह परिवार ईश्वर का सबसे प्रिय परिवार होता है। और यह सब भाव संयुक्त परिवार में ही संभव है जिसमें माता-पिता भाई-बहन, काका-काकी दादा-दादी हों। यह उद्गार शिवानंद आश्रम ऋषिकेश के पूज्य संत स्वामी श्री आनंद स्वरूपानंद जी सरस्वती महाराज ने व्यक्त किए। आप लालघाटी रोड स्थित अमर शांति वाटिका के पास 'श्री ओंकारेश्वर' भवन में संयुक्त परिवार की आवश्यकता एवं महत्व' विषय पर श्रद्धालु जनों को संबोधित कर रहे थे।

आपने कहा कि वर्तमान समय में हम देख रहे हैं कि संयुक्त परिवार प्रथा लुप्त होती जा रही है।परिवार बिखरने लगे हैं। हर व्यक्ति स्वतंत्रता चाहता है। अपनी कामनाओं की पूर्ति में कोई बाधा नहीं चाहता चाहे वह अपने परिजन ही क्यों ना हो। किंतु यह दशा और दिशा भारतीय दर्शन की नहीं है हमारी संस्कृति पाश्चात्य संस्कृति से इसीलिए श्रेष्ठहै क्योंकि हमारे यहां परिवार व्यवस्था है जिसमें एक परिवार एक इकाई होता है और परिवार का मुखिया उसे परिवार को धर्म पथ और कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाता है।

पूज्य स्वामी जी ने कहा कि वर्तमान में हम देख रहे हैं कि धर्म दृष्टि नष्ट होती जा रही है और भोग दृष्टिज्यादा फैलती जा रही है यह क्षणिक सुख आगे जाकर पतन की ओर ले जाता है। संयुक्त परिवारों में ही संस्कारों का सृजन होता है माता-पिता और गुरु का सम्मान कर जो आशीर्वाद हमें मिलता है वह अनमोल होता है। वसुदेव कुटुंबकम की हमारी परंपरा है पड़ोसी और मित्र भी हमारे परिवार के ही सदस्य माने जाते हैं संयुक्त परिवार में ही धर्म का पालन हो सकता है जिस घर जिस घर में संयुक्त परिवार रहता है वहां कभी ताला नहीं लगता। बीमारियां कम होती है। परस्पर प्रेम बढ़ता है। जिस परिवार में माता-पिता हंसते हैं उस परिवार में भगवान बसते हैं। स्वामी जी ने कहा कि हमें सदैव जोड़ने की कोशिश करना चाहिए तोड़ने की नहीं। आर्य संस्कृति केवल भारत में ही है दिव्य गुण भारत में ही बचे हैं। संस्कार विहीन शिक्षा सुख विलास तो दे सकती है किंतु सुकून और शांति नहीं दे सकती। भारत



की संस्कृति विश्व की सर्वश्रेष्ठसंस्कृति है। आपने कहा कि लक्ष्मी चली जाए तो कभी अफसोस मत करना कीर्ति चली जाए तब भी कोई शोक ना मनाना केवल सत्य को साथ में रखना। सत्य यदि आपके साथ है तो लक्ष्मी और कीर्ति को फिर से लौटकर आपके ही पास आना होगा।संयुक्त परिवार में वृद्ध जन अपने जीवन की आखिरी सांस तक स्वस्थ रहते हैं।

## मंदसौर मंडी भाव

| उपज | आवक बोरी में | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|---|
| मक्का | 19 | 2510 | 2640 |
| उड़द | 41 | 5500 | 7380 |
| सोयाबीन | 6000 | 4041 | 4971 |
| गैहु | 2100 | 2651 | 3300 |
| चना | 60 | 5640 | 7481 |
| मसुर | 211 | 5390 | 6240 |
| धनिया | 200 | 5135 | 6767 |
| लहसुन | 10950 | 10100 | 27800 |
| मैथी | 490 | 5100 | 6311 |
| अलसी | 1490 | 6000 | 6250 |
| सरसो | 335 | 5800 | 6200 |
| तारामीरा | 0000 | 0000 | 0000 |
| इसबगोल | 76 | 10000 | 15000 |
| प्याज | 1400 | 950 | 4126 |
| कलोंजी | 2 | 16600 | 17680 |
| डॉलर | 19 | 8900 | 12900 |
| तिल्ली | 40 | 10800 | 12980 |
| मटरसुखी | 5 | 4400 | 6761 |
| असालीया | 64 | 10500 | 13599 |

# देशी गाय बनाम जर्सी गाय: समय के साथ देशी गायों के संरक्षण और उनके दूध की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** भारत में पशुपालन की परंपरा लंबे समय से चली आ रही है, जिसमें गायों का एक महत्वपूर्ण स्थान रहा है। यहां गायों को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से पवित्र माना जाता है। भारतीय नस्ल की देसी गायें और विदेशी नस्ल की जर्सी गायें देश के विभिन्न हिस्सों में पाली जाती हैं। हालाँकि, दोनों प्रकार की गायों के पोषण, दूध की मात्रा और स्वास्थ्य संबंधी फायदों में स्पष्ट अंतर हैं। इस लेख में देसी और जर्सी गायों के बीच के अंतर, उनके दुग्ध उत्पादन और स्वास्थ्य प्रभावों पर चर्चा की जाएगी, साथ ही इस बात की भी जांच की जाएगी कि क्यों देश के कुछ हिस्सों में गायों की संख्या घट रही है।

**देसी गाय और जर्सी गाय: मुख्य अंतर**–देसी गाय भारतीय नस्ल की गाय होती है, जिनका पालन विशेष रूप से गांवों में होता है। इनका कद जर्सी गाय की तुलना में छोटा होता है और दूध की उत्पादकता भी कम होती है। आमतौर पर देसी गाय दिन में लगभग 3 से 4 लीटर दूध देती हैं, जबकि जर्सी गाय 12 से 14 लीटर तक दूध देती हैं। जर्सी गाय की अधिक दुग्ध उत्पादन क्षमता के कारण इसे शहरों और डेयरी उद्योगों में प्राथमिकता दी जाती है। जर्सी गाय का दूध भले ही अधिक मात्रा में होता है, लेकिन इसमें पोषण संबंधी गुण कम होते हैं, खासकर स्वास्थ्य के लिए लंबे समय में इसके हानिकारक प्रभाव देखे गए हैं।



नेमीचंद राठौर

**देसी गाय का दूध: पोषण और स्वास्थ्य लाभ**–नेशनल ब्यूरो ऑफ एनिमल जेनेटिक रिसर्च द्वारा किए गए शोधों से यह प्रमाणित हुआ है कि देसी गाय मुख्यत: अ2 प्रकार का दूध देती हैं। अ2 दूध में स्वस्थ वसा और लाभकारी प्रोटीन पाया जाता है, जो मानव स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। देसी गाय का दूध अधिक गाढ़ा होता है और इसमें पोषण तत्वों की मात्रा अधिक होती है। इसमें लगभग 87 प्रतिशत पानी और शेष 13 प्रतिशत फैट, कार्बोहाइड्रेट, प्रोटीन और मिनरल होते हैं। उदाहरण के लिए, मध्यप्रदेश की मालवी गाय के दूध में 4.5 प्रतिशत से ज्यादा फैट पाया जाता है, जो इसे उच्च गुणवत्ता वाला बनाता है। इसके अलावा, देसी गाय के दूध में एसएनएफ (सोलिड-नॉन-फैट) की मात्रा भी अधिक होती है, जिसमें विटामिन, लैक्टोज और खनिज पदार्थ होते हैं। इसके विपरीत, जर्सी गाय का दूध लंबे समय तक स्वास्थ्य समस्याओं का कारण बन सकता है। शोध के अनुसार, जर्सी गाय का दूध पीने से डायबिटीज, कैंसर और जोड़ों का दर्द जैसी समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। यही कारण है कि कई विशेषज्ञ देसी गाय के दूध को जर्सी गाय के दूध की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक मानते हैं।

**गाय पालने में घटती रुचि: कारण और प्रभाव**–भारत में गायों की घटती संख्या के पीछे कुछ मुख्य कारण हैं। पहला बड़ा कारण है गायों की कम दुग्ध उत्पादकता। जर्सी गाय की तुलना में देसी गाय कम दूध देती हैं, जिससे दुग्ध उत्पादन का व्यावसायिक लाभ कम हो जाता है। इसके अलावा, देसी गायों के बछड़े का भी कोई व्यावहारिक उपयोग नहीं होता, जिससे किसानों को गाय पालना घाटे का सौदा लगता है। दूसरी ओर, भैंसों का दूध अधिक मूल्य पर बिकता है और बकरों का भी बाजार मूल्य अच्छा मिलता है, जिससे पशुपालक भैंस या बकरों को पालने में ज्यादा रुचि दिखाते हैं। इस समस्या का एक उदाहरण मध्यप्रदेश में देखा जा सकता है, जहाँ 2012 में 1 करोड़ 96 लाख गायें थीं, जो 2019 में घटकर 1 करोड़ 87 लाख रह गईं। इसका मतलब है कि सात वर्षों में प्रदेश में 9 लाख गायों की संख्या में कमी आई है, जो 4.42 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है। वहीं, राजस्थान में 2012 में 1 करोड़ 33 लाख गायें थीं, जो 2019 में बढ़कर 1 करोड़ 39 लाख हो गईं, जिससे 4.41 प्रतिशत की वृद्धि हुई। छत्तीसगढ़ में भी इसी प्रकार गायों की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई है। 2012 में 98 लाख गायें थीं, जो 2019 में बढ़कर 1 करोड़ हो गई, जिससे 1.63 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

**नतीजा: देसी गायों का महत्व और उनका संरक्षण**–गायों की घटती संख्या और लोगों की रुचि में कमी का सबसे बड़ा कारण है देसी गायों की कम दुग्ध उत्पादन क्षमता और उनके दूध का उचित मूल्य न मिलना। हालांकि, देसी गाय का दूध पोषण और स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक फायदेमंद होता है, जिससे इसका संरक्षण और प्रोत्साहन आवश्यक है। जर्सी गायों की उच्च दुग्ध उत्पादन क्षमता किसानों के लिए फायदेमंद होती है, लेकिन इसके दीर्घकालिक स्वास्थ्य प्रभावों को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। समय के साथ देसी गायों के संरक्षण और उनके दूध की गुणवत्ता के प्रति जागरूकता बढ़ाने की जरूरत है, ताकि आने वाली पीढ़ियों को उनके फायदों का लाभ मिल सके। सरकारी स्तर पर भी गाय पालन को प्रोत्साहित करने के लिए नीतियों और योजनाओं की आवश्यकता है।

# श्री महाकाल मंदिर के पास महाराजवाड़ा की दीवार गिरी, दो की मौत, दो घायल

**उज्जैन, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** शुक्रवार शाम को तेज बारिश के बीच श्री महाकाल मंदिर के गेट नंबर 4 के सामने स्थित महाराजवाडा भवन की आउटर दिवार गिर गई। इसके मलबे में एक बालिका,एक पुरुष,दो महिला दबे थे। इनमें से फरीन पति आजाद राठौर 22 वर्ष निवासी जयसिंहपुरा एवं अजय पिता ओमनाथ 27 वर्ष निवासी शिवशक्ति नगर उज्जैन की मौत हो गई। गंभीर घायल शारदा बाई पति सोहन लाल 40 वर्ष निवासी ग्राम उज्जैनिया थाना घटिया, रूही पिता आजाद राठौर 3 वर्ष जयसिंहपुरा को प्राथमिक उपचार के बाद बाम्बे हास्पिटल इंदौर रैफर किया गया है।

सुबह से घिर आए काले बादलों ने शाम को तेज बरसना शुरू किया था। इससे पूरे शहर में ही जलजमाव की स्थिति बन गई। इसी दौरान 6.30 बजे के आसपास बडे गणेश मंदिर की लाईन में घाटी के उपर छोर की करीब 10 फीट उंची दीवार का 12 फीट चौडाई का हिस्सा धस कर गिर गया। दीवार के इस हिस्से के गिरने से उसके पास खडे एवं दुकान लगाने वाले करीब आधा दर्जन से अधिक लोग दब गए। हालात सामने आते ही पूरे क्षेत्र में हंगामा हो गया और पास ही स्थित पुलिस थाना के कर्मी एवं महाकाल मंदिर चौकी पर तैनात पुलिस एवं एसडीआरएफ के जवान स्थल पर पहुंचे और राहत कार्य करने लगे। इसी बीच प्रशासन ने सूचना मिलते ही नगर निगम की जेसीबी और क्रेन बुलवाकर दिवार के हिस्सों को हटाना शुरू कर दिया। बारिश से राहत कार्य में भी बाधा हो रही थी। करीब 3 लोगों को मलबे से निकाला गया। दीवार गिरने से चोंटिल एक युवती सहित तीन लोगों को उपचार के लिए चरक जिला अस्पताल भेजा गया है। श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के प्रशासक गणेश धाकड ने बताया कि मंदिर के गेट नंबर 4 के सामने वाले हिस्से में महाराजवाडा है। इसकी आउटर बाउंड्रीवाल गिरने से ये हादसा हुआ है। दिवार करीब 10 फीट उंची थी। इसका करीब 12 फीट का हिस्सा गिरा है। करीब आधा दर्जन लोग घायल हुए हैं। घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप शर्मा ने मृतकों एवं घायलों की पुष्टि की है।

**कच्ची हो चुकी दीवार पानी का अधिक दबाव सहन नहीं कर पाई** – शुक्रवार देर शाम श्री महाकाल मंदिर के पास हेरिटेज भवन महाराजवाडा के पिछले हिस्से में दीवार गिरी। यह दीवार प्रांगण के ढलान की और बनी हुई थी। इसमें उपरी हिस्से में एक दिन पूर्व हुई बारिश का जल जमाव था और उपर से शुक्रवार शाम को तेज बारिश के जल जमाव के दबाव को कच्ची हो चुकी दीवार सह नहीं सकी और पास में ही खडे चार लोगों पर भरभराकर गिर गई।

**दो की मौत,बच्ची सहित दो घायल**– मलबे में दबने से फरीन पति आजाद राठौर 22 वर्ष निवासी जयसिंहपुरा एवं अजय पिता ओमनाथ 27 वर्ष निवासी शिवशक्ति नगर उज्जैन की मौत हो गई। गंभीर घायल शारदा बाई पति सोहन लाल 40 वर्ष निवासी ग्राम उज्जैनिया थाना घटिया, रूही पिता आजाद राठौर 3 वर्ष जयसिंहपुरा को प्राथमिक उपचार के बाद बाम्बे हास्पिटल इंदौर रैफर किया गया है। फरीन अपनी बेटी रूही के साथ घाटी के इस क्षेत्र में छोटा मोटा सामान बेचने का काम करती थी।

**कहां हुआ हादसा**–हरसिद्धि से बडा गणेश होते हुए घाटी चढने वाले क्षेत्र में ज्योतिषाचार्य आनंद शंकर व्यास के मकान से उपर की और महाराजवाडा भवन की आउटर वाल बनी हुई थी। इसके ठीक सामने बीच में 40 फीट चौडी सडक के उपरांत श्री महाकाल मंदिर का 4 नंबर गेट एवं उपरी हिस्से में घाटी पर पं.सूर्यनारायण व्यास मकान भारती भवन है। कच्ची हो चुकी करीब 10 फीट उंची इस दीवार का करीब 12 फीट का हिस्सा भरभराकर गिरा है।

**इसलिए हुआ हादसा**–हेरिटेज भवन महाराजवाडा का प्रांगण काफी बडा और फैला हुआ है। इसके पिछले हिस्से में कुछ समय पूर्व तक जिम्नेशियम और मलखंब का ग्राउंड था। एक वर्ष पूर्व से हेरिटेज भवन के जिर्णोद्धार का कार्य चल रहा है। पूरे प्रांगण का पानी हादसा वाली दीवार के उपरी छोर पर ही इकठ्ठा हो रहा था। एक दिन पूर्व की बारिश का पानी यहीं जमा था। शुक्रवार को शाम तेज बारिश होने से प्रांगण का पूरा पानी ढलान वाले इसी दीवार के उपरी हिस्से में जमा हो चुका था। कच्ची दीवार पानी का दबाव सहन नहीं कर सकी और दीवार ढह गई।



# एसबीएम स्पोटर्स लीग अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

**नारायणगढ़, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** नगर परिषद नारायणगढ़ द्वारा, स्वच्छता ही सेवा राष्ट्रव्यापी अभियान 'स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता' दिनाँक 17 सितंबर 2024 से 2 अक्टूबर 2024 चलाया जा रहा है। शासन एवं मुख्य नपा अधिकारी श्री प्रमोद जी जैन से प्राप्त निर्देशानुसार दिनांक 27 सितम्बर 2024 को सीएम राइस एकीकृत शासकीय बालक उच्च माध्यमिक विद्यालय नारायणगढ़ में एस।बी।एम स्पोर्ट्स लीग अंतर्गत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसके छात्र छात्राओं ने बढ चढकर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता मे प्रथम और द्वितीय स्थान प्राप्त टीम को निकाय द्वारा 2 अक्टूबर 24 को सील्ड और प्रमाण पत्र प्रदान कर पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता उपरांत जनप्रतिनिधियों, प्राचार्य, शिक्षकगण, छात्राओं, द्वारा विद्यालय परिसर में श्रमदान किया गया। अभियान में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती ममता कुंवर जी चौहान, उपाध्यक्ष महोदय वीरेंद्र जी रुपरा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी प्रमोद जी जैन, स्कूल प्राचार्य महोदय श्री कैलाश चंद्र डोडीया, शिक्षकगण, छात्राएं, जनप्रतिनिधि एवं निकाय कर्मचारी मौजूद थे। अभियान में पधारे हुए नागरिकजनों को स्वच्छता और प्लास्टिक प्रतिबंध की शपथ दिलाई गई। आयोजित कार्यक्रम जीरो वेस्ट पर आधारित था।

# प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 5 साल में दोगुना करने का लक्ष्य-मुख्यमंत्री

## हर व्यक्ति को उसकी क्षमता के अनुसार रोजगार दिलाने राज्य सरकार प्रतिबद्ध

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बताए गए विभिन्न बिन्दुओं पर ध्यान केंद्रित कर राज्य सरकार उन्हें पूरा करने का प्रयास कर रही है। खासकर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर मध्यप्रदेश में तलाशने पर जोर दिया जा रहा है। गरीबों, महिलाओं, किसानों और युवाओं के हित में सभी प्रकार के उद्योग स्थापित करने और रोजगार दिलाने के प्रयास किए जा रहे हैं। लोगों को उनकी क्षमता के अनुसार रोजगार दिलाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। व्यापार और व्यवसाय के लिए प्रदेश में अनुकूल अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। आने वाले 5 साल में राज्य की अर्थव्यवस्था दोगुनी करने का लक्ष्य है, जिसे हम तीन साल में ही पूरा करने का प्रयास करेंगे।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए टैक्स और जीएसटी का संग्रहण बढ़ाने का कार्य चल रहा है। विकास के नये आयाम स्थापित करने के लिए सभी संभागों में लगातार रीजनल कॉन्क्लेव और देश के महानगरों में रोड-शो किये जा रहे हैं। इनका प्रदेश में बडे पैमाने पर असर दिख रहा है। अभी तक 2 लाख करोड से ज्यादा के निवेश प्रस्ताव आए हैं। यह कार्य लगातार जारी रहेगा। प्रदेश में केवल बडे उद्योग ही नहीं, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों पर भी ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि एमएसएमई के साथ स्व-सहायता समूह की बहनों को प्रोत्साहन देने का कार्य किया जा रहा है। आईटी, एआई, इंजीनियरिंग सहित उच्च तकनीक के अलग-अलग पाठ्यक्रमों के छात्रों को प्रोत्साहन देकर प्रदेश में उनकी क्षमता का उपयोग किया जा रहा है। प्रदेश के विकास, उद्योग और रोजगार बढ़ाने के प्रयास लगातार जारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सागर में डाटा सेंटर स्थापित करने के लिए एक बड़ा प्रस्ताव मिला है। प्रदेश में उद्योग व्यवसाय से जुडे घराने लगातार सहयोग कर रहे हैं। सागर के बाद रीवा, नर्मदापुरम और शहडोल में भी रीजनल इन्वेस्टर्स कॉन्क्लेव का आयोजन किया जाएगा।

# रहीमगढ़ में राष्ट्रीय पोषण माह एवं स्वच्छता दिवस सम्पन्न

**रहीमगढ़, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** महिला एवं बाल विकास विभाग में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया गया जिसमें कलेक्टर द्वारा अधिकृत नोडल अधिकारी विजेंद्र देवडा जिला खेल अधिकारी उपस्थित हुए। जिन्होंने सर्वप्रथम सरस्वती माता पूजन किया ।उसके पश्चात महिला बाल विकास पर्यवेक्षक सोनल उबेजा द्वारा आंगनवाडी में शाला पूर्व शिक्षा के बारे में जानकारी दी 3 से 6 वर्ष के बचो को आंगनवाडी में जरूर भेजे ताकि बचा शाला जाने से पहले तैयार हो सके। बचो को स्वास्थ्य ,खानपान का ध्यान रखे। स्वस्थ शिशु, पोषण आधारित रंगोली, अनौपचारिक शाला पूर्व शिक्षा अंतर्गत मिट्टी के खिलौने,, व्यंजन प्रदर्शनी के माध्यम से राष्ट्रीय पोषण माह आयोजन .. राष्ट्रीय पोषण माह एवं. स्वच्छता अभियान अंतर्गत शपथ एवं खेलकूद प्रतियोगिता और एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण किया गया और प्रतियोगिताओं में फर्स्ट सेकंड थर्ड पुरस्कार वितरण किए गए.. नोडल अधिकारी द्वारा बच्चो को उचित खान पान के बारे में जानकारी दी और बच्चो का पढ़ाई के साथ खेल भी जरूरी है साथ ही पोषण पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है 0 से 5 साल तक बच्चो पर विशेष ध्यान देने की जरूरत होती है। स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत अपने घरों पर और आस पास भी साफ सफाई रखे पानी को एकत्रित नही होने दे जिससे मच्छर नही हो।इस कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, स्कूल के शिक्षक शिक्षकगण , आंगनवाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिका, गर्भवती महिलाए , धात्री महिलाए, बच्चे, उपस्थित हुए। आभार महिला बाल विकास पर्यवेक्षक सोनल उबेजा द्वारा व्यक्त किया गया।



# श्री रामदयाल जी महाराज के जन्मोत्सव पर गौ सेवा का आयोजन सम्पन्न

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** अंतरराष्ट्रीय रामस्नेही संप्रदाय के पीठाधीश्वर श्री रामदयालजी महाराज के जन्मोत्सव पर श्री पशुपतिनाथ पोरवाल कपल सोश्यल ग्रुप के बैनर तले श्री जगदीश चौधरी परिवार द्वारा समारोह का आयोजन कर श्री गोपालकृष्ण गौशाला में गौ सेवा की गई। इस अवसर पर धर्मधाम गीता भवन के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय सन्त स्वामी श्री रामनिवासजी महाराज आशीर्वाद प्रदान करने के लिए उपस्थित रहे। आयोजन के प्रमुख अतिथि वरिष्ठ अभिभाषक श्री प्रकाश रातड़िया ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि संतों के अवदान से ही भारतीय संस्कृति सतत प्रज्वलित हो रही है। आपने कहा कि श्री रामस्नेही सम्प्रदाय के संत नैतिक मूल्यों के संरक्षण और मानवीय सद्गुणों के प्रसार में समर्पित है। शाहपुरा पीठाधीश्वर श्री रामदयालजी महाराज महान आध्यात्मिक विभूति है। उनके आशीर्वाद से लाखों लोग सेवा व परमार्थ में संलग्न है। आपकी प्रेरणा से चिकित्सा, शिक्षा और संस्कार निर्माण की गतिविधियां देशभर में चल रही है। आपने गौ सेवा को पूजा कार्य बताया गौशाला के सचिव श्री जगदीश चौधरी, रामस्नेही सम्प्रदाय की साधिका लाड़कुंवर बहन, पोरवाल कपल ग्रुप की अध्यक्ष नीतु संजय मेहता ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर सर्वश्री सूरजमल अग्रवाल चाचा, संजय लोढ़ा, सुभाष अग्रवाल, जगदीश काबरा, पशुपतिनाथ पोरवाल, कपल सोश्यल ग्रुप के सचिव मंजू मुजावदिया, कोषाध्यक्ष कृष्णा कैलाश गुप्ता, सुनिता गोविन्द मुजावदिया, सुमित्रा जगदीश चौधरी, तिलोतमा राजमल सेठिया, सुनील धनोतिया, अशोक रत्नावत, जगदीश गुप्ता, गौरव रत्नावत एडवोकेट, पुष्पा मेहता, अनुपमा बैरागी आदि उपस्थित थे। संचालन श्री अशोक त्रिपाठी ने किया व आभार श्री जगदीश चौधरी ने माना।

## संयुक्त उठावना

स्व.श्री रतनलालजी डाड की धर्मपत्नी एवं स्व. पुरुषोत्तम, बद्रीलाल, सुनील व कमलेश की भाभीजी एवं संजय की बड़ी मम्मी, पल्वित व नितिक्षा की बड़ी दादीजी, स्व. विशेष व अदिति माहेश्वरी की दादीजी और अभिनव की पूज्य माताजी एवं फतेहलाल, प्रकाश, राधेश्याम, कैलाश, अशोक, कैलाशचंद्र ओर दिनेश काबरा की बहिन श्रीमती कांतादेवीजी डाड़ (माहेश्वरी) का देवलोकगमन दिनांक 26 सितंबर 2024, गुरुवार को हो गया है। संयुक्त उठावना दिनांक 28 सितंबर 2024, शनिवार को दोपहर 2 बजे आनंद-मंगल मांगलिक भवन, श्रीजी पार्क के पास, नरसिंहपूरा रोड (नरसिंह घाट) मंदसौर पर रखा गया है।



❊❊❊ शोकाकुल ❊❊❊

समस्त डाड़ परिवार मन्दसौर-भीलवाड़ा

समस्त काबरा परिवार, भीलवाड़ा

# विश्व पर्यटन दिवस पर हंट प्रतियोगिता सम्पन्न



**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर छात्रों में जन जागरूकता के उद्देश्य हंट प्रतियोगिता का आयोजन तेलिया तालाब किया गया। इस प्रतियोगिता को जनप्रतिनिधियों ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान मंदसौर विधायक श्री विपिन जैन, पूर्व विधायक श्री यशपाल सिंह सिसोदिया,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रमादेवी बंशीलाल गुर्जर, कलेक्टर श्रीमती अदिति गर्ग, सीईओ जिला पंचायत श्री राजेश कुमार जैन, जिला अधिकारी एवं बच्चे उपस्थित थे।

इस प्रतियोगिता में 15 साल से उम्र के विद्यार्थियों और शहरवासियों की दो सदस्य टीम साइकिल के साथ ऐतिहासिक स्?थल को मंदसौर में खोजों प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें मंदसौर नगर में विभिन्न स्थानों को खोजने ढूंढना एवं उन स्थानों पर अपनी सेल्फी लेना और वॉलेंटियर को अपनी उपस्थिति देने था। रैली का समापन नूतन स्टेडियम मंदसौर में हुआ।

# कलेक्टर ने किया मनासा में नवनिर्मित सिविल अस्पताल भवन का निरीक्षण



**मनासा, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने शुक्रवार को मनासा में नवनिर्मित सिविल अस्पताल भवन का निरीक्षण कर, उपलब्धं सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होने सुरक्षा व्यवस्थां एवं ऑपरेशन थियेटर, वार्ड कक्षों, स्टो्र रूम आदि का अवलोकन कर, कहा कि यह सर्वसुविधायुक्त भवन है। उन्होने एसडीएम को निर्देश दिए कि इस नवीन भवन में सिविल अस्पताल का संचालन तत्काल शुरू करवाएं। कलेक्टर ने बीएल भायल, बीएमओ से चर्चा कर, नवीन भवन में सिविल अस्पताल शुरू करने में आ रही समस्याओं की जानकारी और निर्देश दिए, कि समस्याओं का एसडीएम के साथ बैठकर समाधान करें और चरणबद्ध तरिकें से नवीन भवन में 15 अक्टूबर तक ओपीडी व वार्ड में मरीजों का उपचार प्रारंभ करवाएं। इस मौके पर जिला पंचायत सीईओ श्री अरविंद डामोर, एसडीएम श्रीमती किरण आंजना एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जातियों के उद्भव पर तथ्यात्मक परिचर्चा कल

**मंदसौर, 27 सितंबर गुरु एक्सप्रेस।** राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद का संयुक्त आयोजन 'आत्मबोध' में 'जातियों के उद्भव एवं जातिवाद पर तथ्यात्मक परिचर्चा' का आयोजन दिनांक 29 सितम्बर 2024, रविवार को प्रात: ठीक 11 बजे श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर परिसर, बड़ी होली, किला रोड, कोर्ट परिसर के बाहर, मन्दसौर में रखी गई है। राष्ट्र व सनातन जागरण के इस पुनीत अभियान में सभी राष्ट्र अनुरागी युवा, महिला एवं पुरुष सादर आमंत्रित हैं।


# कार्यालय कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-मंदसौर

Email ID-eeresmandsaur@mp.gov.in

## निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-08/2024-25

जावक क्रमांक/ /ग्रा.यां.से./वलेलि/निविदा/2024-25 मंदसौर, दिनांक....

**म.प्र. के राज्यपाल की ओर से निम्नांकित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट http://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।**

| स.क्रं. | ऑनलाईन टेण्डर नं. | कार्य का नाम | निर्माण कार्यो की अनुमानित (राशि रुपए में ) | निविदा आमंत्रण | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2024_RES_371457 | 1. आयुष औषधालय अभिनंदन नगर मंदसौर में नवीन कक्ष निर्माण, पुराने भवन व बाउण्ड्रीवाल की रंगाई-पुताई कार्य जनपद पंचायत मंदसौर<br>2. बेहपुर आयुष औषधालय भवन मरम्मत कार्य जनपद पंचायत मंदसौर | 820767/- | द्वितीय | --- |

**उपरोक्त निविदा के निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर ऑनलाईन भुगतान कर क्रय किये जा सकेंगे। निविदा प्रपत्र पोर्टल पर दिनांक 27.09.2024 से देखे जा सकेंगे। विस्तृत सूचना Key Dates तथा अन्य जानकारी वेबसाईड पर देखी जा सकती है। निविदा संबंधी समस्त संशोधन समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किये जावेंगे। केवल वेबसाईट पर देखे जा सकेंगे।**

कार्यपालन यंत्री
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग मंदसौर

G-16754/24 दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।



# आवश्यकता है

दैनिक गुरु एक्सप्रेस

**आफिस में कार्य करने हेतु युवक की आवश्यकता है।**

❊❊❊❊ मंदसौर निवासी ही सम्पर्क करें ❊❊❊❊

वेतन योग्यता अनुसार

संपर्क

संपर्क समय- शाम 4 से 6 बजे तक

**कार्यालय दैनिक गुरु एक्सप्रेस**

9425105928. 8319964648



# कार्यालय नगर परिषद सीतामऊ जिला-मंदसौर (म.प्र.)

क्रमांक-1349/2024 सीतामऊ, दिनांक-24.09.2024

## ❊❊❊ नाम अंतरण विज्ञप्ति ❊❊❊

**सर्व साधारण को जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है कि नगर परिषद सीतामऊ स्वामित्व व आधिपत्य की दुकान 35 माह की किरायेदारी पर दी गई है। मध्यप्रदेश नगरपालिका (अचल सम्पत्ति का अंतरण) नियम 2016 के नियम 4 के अंतर्गत नाम अंतरण की सूचना प्राप्त होने के फलस्वरूप कार्यवाही की जाना है। जिस किसी को आवेदक का नाम अंतरण लागू किये जाने में किसी प्रकार की कोई आपत्ति है तो विज्ञप्ति प्रकाशन होने के दिनांक से 15 दिवस की अवधि में लिखित रुप से अपनी आपत्ति मय पुष्ट प्रमाण के कार्यालय में (अवकाश के दिनों को छोड़कर) कार्यालय में प्रस्तुत करें। अवधि समाप्त होने पर आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।**

| प्र.क्र. | जिसके नाम अंतरण होना है | अंतरण करने वाले का नाम | वार्ड क्रं. | दुकान क्रं. | मोहल्ला क्षेत्र/संपत्ति का विवरण | अंतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | संजय कुमार पिता ओमप्रकाश सोनी | हरीश पिता ओमप्रकाश सोनी कयामपुर | 15 | 184 | राजमाता सिंधिया काम्पलेक्स | शपथ पत्र |
| 2 | दीपक पिता शांतिलाल डोसी | अमित पिता मोहनलाल रावत | 15 | भूखंड क्रं.06 | बस स्टेण्ड | शपथ पत्र |
| 3 | राकेश पिता सदाशिव कारा | मुकेश पिता रामचंद्र देवदरिया | 15 | 203 | राजीव गांधी काम्पलेक्स | शपथ पत्र |
| 4 | शोभागमल पिता वर्दीचंद्र पोरवाल | श्रीमती राजकुमार पति समरथमल जैन | 15 | 245 | लदूना रोड | शपथ पत्र |
| 5 | सिद्धांत सोनी पिता संजय सोनी | साबिर हुसैन पिता गुल मोहम्मद | 15 | 58 | बस स्टेण्ड | शपथ पत्र |
| 6 | मुकेशकुमार पिता सागरमल जैन | मनीष पिता राधेश्याम पोरवाल | 15 | 80 | मंदसौर रोड | शपथ पत्र |
| 7 | नारायणसिंह पिता अमरसिंह झाला | श्यामलाल पिता भंवरलाल चावड़ा | 15 | दुकान की छत क्रं. 24 | बस स्टेण्ड | शपथ पत्र |

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर परिषद सीतामऊ


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक- आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in